# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस.
# उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 5/2025
दायरा दिनांकः–15.01.2025
निर्णय दिनांकः– 14.5.25

## उनवान

1. रामदयाल आयु 50 वर्ष पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा निवासी ग्राम बिन्दाराडी तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार साहब तहसील छबड़ा जिला बारां

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136,एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः– 14.5.25

अभिभाषक उपस्थितः–1. श्री नारायणलाल चौरसिया – प्रार्थी

अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 136,एल0 आर एक्ट विरूद्ध अप्रार्थीगण के न्यायालय में इस आशय का पेश किया गया कि प्रार्थी के खातेदारी एवं कब्जे काश्त की भूमि खाता संख्या 7/7 की खसरा नंबर 68 रकबा 0.6323 है० वाके ग्राम बिंदाराड़ी तहसील छबड़ा में स्थित है। जिसमें प्रार्थी का हिस्सा 1/5 है। इसी प्रकार खाता संख्या 124/90 की खसरा नंबर 189 रकबा 0.3667 है०, खसरा नंबर 190 रकबा 0.0253 है०, खसरा नंबर 31 रकबा 1.9223 है०, खसरा नंबर 47 रकबा 1.2267 है०, खसरा नंबर 92 रकबा 0.1391 है0, खसरा नंबर 93 रकबा 0.0885 है० कुल किता छह रकबा 3.7686 है० वाके ग्राम बिंदाराड़ी तहसील छबड़ा में स्थित है। जिसमें प्रार्थी का 1/25 हिस्सा दर्ज है। हल्का पटवारी द्वारा उक्त खाते में प्रार्थी का नाम रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा के स्थान पर दयाल पुत्र कंवरलाल जाति चमार दर्ज कर दिया है। जबकि समस्त दस्तावेजात आधार कार्ड, परिचय पत्र, राशनकार्ड, बैंक डायरी में रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा नाम दर्ज है। हल्का पटवारी द्वारा खाते में नाम दर्ज करते समय रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा के स्थान पर दयाल दर्ज कर दिया है। प्रार्थी का नाम खाते में दयाल पुत्र कंवरलाल जाति चमार दर्ज होने से खाते में मुआवजा राशि व के०सी०सी० लेने में काफी परेशानी हो रही है तथा अन्य राजस्व खाते में रामदयाल नाम दर्ज है। जिसे न्यायहित में दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। हल्का पटवारी व तहसीलदार छबड़ा को प्रार्थना पत्र दिया। तब 136 एल०आर०एक्ट में प्रार्थना पत्र में आदेश कराने की कहने पर वाद कारण उत्पन्न हुआ।

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जर्ये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी पैरोकार सरकार से रिपोर्ट ली गई। प्रार्थी द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम बिन्दाराडी सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 7 नकल जमाबन्दी ग्राम बिन्दाराडी सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 124 पेश की गई। फोटो प्रति जाति प्रमाण पत्र, फोटो प्रति मूल निवास प्रमाण पत्र, फोटो प्रति आधार कार्ड फोटो प्रति जन आधार कार्ड फोटो प्रति परिवार राशन कार्ड, फोटो पहचान पत्र फोटो प्रति बैंक पास बुक पेश की गई। नकल जमाबन्दी ग्राम बिन्दाराडी सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 101 पेश की गई।

बहस अभिभाषक प्रार्थी सुनी गई। बहस के दौरान वकील प्रार्थी का कथन है कि विवादित आराजी वाके ग्राम बिन्दाराडी तहसील छबडा में स्थित है। जो प्रार्थी के शामलाती खातेदारी में दर्ज है उक्त आराजी में प्रार्थी का नाम रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा के स्थान पर दयाल पुत्र कंवरलाल जाति चमार दर्ज कर दिया है जबकि प्रार्थी के समस्त दस्जावेजात में रामदयाल पुत्र कंवरलाल बैरवा दर्ज है राजस्व रिकर्ड जमाबन्दी में प्रार्थी का नाम रामदयाल के स्थान पर दयाल दर्ज कर दिया है जिससे प्रार्थी को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। प्रार्थी के अन्य खाता संख्या 101 में रामदयाल पुत्र कंवरलाल दर्ज है खाता संख्या 7 व 124 में प्रार्थी का गलत नाम दयाल दर्ज कर दिया है जिसे दुरूस्त कराने का अधिकारी है प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावें।

तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी ने ग्राम बिन्दाराडी के खाता संख्या 124 एवं 7 में नाम शुद्धि का प्रार्थन पत्र पेश किया है जिसकी राजस्व रिकार्ड से जॉच की गई। प्रार्थी के पिता कंवरिया का फोती नामान्तरण संख्या 337 दिनांक 06.12.2004 को दर्ज किया गया था जिसमें प्रार्थी का नाम दयाल दर्ज किया गया। तब से प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दयाल पुत्र कंवरिया ही चला आ रहा है ग्राम वासियो तथा सह खातेदारों से पुछ–ताछ करने पर उन्होने बताया कि रामदयाल व दयाल एक ही व्यक्ति के दो नाम है प्रार्थी का बोलता नाम दयाल होने के कारण जमाबन्दी में दयाल नाम दर्ज हुआ है।

बहस अभिभाषक प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम बिन्दाराडी सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 124 व 7 में प्रार्थी का नाम दयाल पुत्र कंवरिया व कंवरलाल जाति चमार दर्ज है नकल जमाबन्दी ग्राम बिन्दाराडी सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 101 में रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा दर्ज हे प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अन्य दस्तावेजात आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र मूल निवास प्रमाण पत्र परिवार राशन कार्ड, व बैक पास बुक में प्रार्थी का नाम रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा दर्ज है प्रार्थी खाता संख्या 124 में दयाल पुत्र कवरिया जाति चमार एवं खाता संख्या 7 में दयाल पुत्र कंवरलाल जाति चमार के स्थान पर रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा दर्ज करवाना चाहता है तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट एवं प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

## :: क्रियात्मक आदेश ::

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम बिन्दाराडी तहसील छबडा के खसरा नम्बर 68 रकबा 0.6323 है खसरा नम्बर 189 रकबा 0.3637 है0 खसरा नम्बर 190 रकबा 0.0253 है0 खसरा नम्बर 31 रकबा 1.9223 है0 खसरा नम्बर 47 रकबा 1.2267 है0 खसरा नम्बर 92 रकबा 0.1391 है0 खसरा नम्बर 93 रकबा 0.0885 है0 में दयाल पुत्र कवरिया जाति चमार के स्थान पर रामदयाल पुत्र कंवरलाल जाति बैरवा दर्ज करने के आदेश तहसीदार छबडा को दियें जातें है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
आर.ए.एस.
छबड़ा (बारां)
उपखण्ड अधिकारी, छबडा